**खबर संक्षेप**

### विश्व ध्यान दिवस का हुआ आयोजन



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज आज दिनांक 21.12.2024 को जनपद पंचायत नारायणगंज के परागण में 21 दिसंबर 2024 विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान सत्र आयोजित किया गया जिसमें जनपद पंचायत नारायणगंज से उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा जनपद सदस्य धर्म सिंह उपस्थित रहे साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज के गौरीशंकर डेहरिया व समस्त अधिकारी कर्मचारी पैसा मोबाइल जार सर्वे उपस्थित रहकर ध्यान सत्र में शामिल रहे उपरोक्त कार्यक्रम के विषय में चर्चा करते हुए मुख्य कार्यपालन द्वारा ध्यान का मनुष्य के जीवन में महत्व पर चर्चा की गई और बताया गया कि ध्यान से हमारे जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और हम किसी भी प्रकार कार्यों को एकाग्रता के साथ कर सकते हैं इसी तारतम में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नारायणगंज द्वारा भी योग एवं ज्ञान कार्यक्रम अध्यक्ष अनुमति से औपचारिक कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

### जिला न्यायालय में कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

**मण्डला।** जिला न्यायालय कर्मचारी संघ के 18 वर्ष बाद चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव में कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नए पदाधिकारियों का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अध्यक्ष पद पर संजीत चौरसिया,उपाध्यक्ष श्वेता चौरसिया, सचिव भोरम उइके चयनित हुए। चुनाव अधिकारी मोहन लाल शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया और सभी प्रतिभागियों को निष्पक्षता बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष संजीत चौरसिया ने कहा हम संघ के विकास और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे।हम सभी कर्मचारी एक जुट होकर संघ को नई ऊंचाई देंगे।

### दुर्घटनाग्रस्त हुआ वाहन तो मिले तस्करी किये जा रहे मवेशी

# दीवार तोड़ जा घुसी घर में पिकअप





*** इसी रास्ते ले जाये जाते हैं मवेशी लेकिन किसी को पता क्यों नहीं चलता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

मवई थाना क्षेत्र ग्राम बाहरमुंडा में शुक्रवार शनिवार दरम्यानी रात में एक मवेशियों से भरी पिकअप वाहन बाहरमुंडा निवासी ख़ैमसिंह पट्टा के घर में जा घुसी पिकअप के घुसने से मवेशियों के चिल्लाने और दुर्घटना के आवाज सुन आस पास ग्रामीण अपने अपने घरों से निकल कर देखे वाहन में मवेशियों को देख लोगो ने ड्राइवर एवं 1 साथी को पकड़ कर मवई पुलिस को सूचित किया शनिवार सुबह पुलिस पहुंची एवं वाहन एवं दोनों व्यक्ति सलाउद्दीन पिता मरहूम सिद्दीकी कुरेशी उम्र 38 वर्ष निवासी हनुमान ताल जबलपुर एवं मोहम्मद जावेद उम्र 28 वर्ष बाजार टेकरी जबलपुर को एवं पिकअप वाहन क्रमांक MP 20 ZF 9637 को पुलिस थाना मवई ले आया गया वही 8 नग मवेशियों को स्थानीय पंचायत के सुपुर्द रखने की बात कही गई।

#### आए दिन हो रही तस्करी

वनांचल क्षेत्र मवई जहां से आय दिन गाय- भैंस की अवैध तस्करी की बात सामने आती है। किंतु प्रशासन इनमें लगाम लगाने आज तक सफल नहीं हो पाया। चाहे छत्तीसगढ़ मार्ग की बात करे या पड़ोसी जिले डिंडोरी मार्ग की बात करे ये दोनों मार्ग मवई मुख्यालय में ही मिलते है और मवई मुख्यालय से होकर ही तस्कर निकलते है कुछ दिन पूर्व मवई के आस पास के ग्रामों के ग्रामीणों ने भी बताया था कि देर रात भारी वाहनों का आना जाना इन छोटे मार्गों पर लगा रहता है किंतु इन देर रात निकलने वाले वाहनों पर आज तक प्रशासन की नजर नहीं पड़ी।

#### प्रशासन की लापरवाही या सांठगांठ?

स्थानीय जनसेवकों एवं ग्रामीणों द्वारा उक्त मामले में किस प्रकार की कार्यवाही की जा रही है कि जानकारी मवई पुलिस से लेनी चाहिए तो मवई पुलिस द्वारा उक्त गंभीर विषय को मात्र पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की बात कर दी गई पुलिस के द्वारा इस तरह से सामाजिक एवं धार्मिक भावनाओं के खिलवाड़ वाले पशु तस्करी के मामले को मात्र पशु क्रूरता के तहत मामला बनाने में ग्रामीणों में खासा रोश व्याप्त हो गया एक तो लगातार ग्रामीणों द्वारा पशु तस्करी और पशु तस्करों पर कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से की जाती है इसके विपरीत मवई पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही पशु तस्करों के ऊपर आज तक नहीं की गई यदि कभी कोई पशु तस्करों का वाहन इस तरह दुर्घटना ग्रस्त होने के बाद पकड़ा जाता है तो पुलिस विभाग द्वारा उसे बचाने के भरसक प्रयास कर लिए जाते है और पशु तस्करी को मात्र पशु क्रूरता के तहत सामान्य मामला पंजीबद्ध कर भेज दिया जाता है इस तरह की बचाव की कार्यवाही से गोवंश एवं पशुप्रेमी समेत सम्पूर्ण क्षेत्र में पुलिस विभाग के प्रति आक्रोश पनपने लगा है।



## मंडला जनपद उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर सहित पंच पर एफआईआर दर्ज



*** फर्जी पंचनामा तैयार कर स्कूल की भवन को जेसीबी से किया जर्जर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले की बम्हनी पुलिस ने बिना नीलामी के शासकीय जर्जर भवन को गिराने पर पुलिस ने जनपद उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर सहित पंचायत के पंच के ऊपर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दरअसल सदीप सिंगौर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व पंच ग्राम पंचायत ग्वारा के द्वारा अनाधिकृत रूप से बगैर कोई शासकीय आदेश प्राप्त किये बिना फर्जी पंचनामा तैयार कर शासकीय माध्यमिक शाला का जर्जर भवन को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया जिससे शासन को शासकीय संपत्ति एवं शासकीय राशि का नुकसान पहुंचाया गया। जबकि उक्त भवन पर शासन द्वारा जारी निर्देश अनुसार कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रस्तावित होने से शासन की निर्धारित नीलामी प्रक्रिया का पालन किया जाना था जिसकी कोई भी प्रक्रिया का पालन न करते हुये मनमाने तरीके से उक्त भवन को जेसीबी से गिरा दिया गया। जिसके बाद ग्राम पंचायत ग्वारा की महिला सरपंच ममता उईके के द्वारा बम्हनी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 324 (3), 3(5) बीएनएस, के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दर्ज एफआईआर में बताया गया कि 19 दिसंबर 2024 को आवेदिका ममता उईके सरपंच ग्राम पंचायत ग्वारा थाना बम्हनी जिला मंडला द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र इस आश्य का पेश किया गया कि अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत मंडला द्वारा दिनांक 22 अगस्त 2024 सरपंच, सचिव ग्राम पंचायत ग्वारा एव अन्य को पत्र जारी कर आदेशित किया गया था कि शासकीय माध्यमिक शाला भवन ग्वारा जर्जर हालत में है जिसे पंचनामा कार्यवाही पश्चात नीलामी की प्रक्रिया कर भवन को ध्वस्त कर दिया जाये जो सरपंच सचिव ग्राम पंचायत ग्वारा के द्वारा प्रक्रिया पूर्ण करने पूर्व ही अनावेदकगण सदीप सिंगौर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं लेखराम जघेला, पंच ग्राम पंचायत ग्वारा जिला मण्डला के द्वारा अनाधिकृत रूप से बगैर कोई शासकीय आदेश प्राप्त किये बिना फर्जी पंचनामा तैयार कर शासकीय माध्यमिक शाला भवन को जेसीबी मशीन से एक राय होकर तोड़ फोड़ कर पूरी तरीके से नष्ट करते हुये ध्वस्त मलमा को ले जाया गया है। जो अनावेदकगणों का कृत्य शिकायत पत्र के आधार पर प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 324 (3), 3(5) बीएनएस, का पाये जाने से अनावेदकगणो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### इनका कहना :-

*जनपद उपाध्यक्ष और अन्य पंच ने नियम विरूद्ध तरीके से शासकीय भवन को तोड़ा गया है जिसके तहत धारा 324 का अपराध दर्ज किया गया है।*

**-रजत सकलेचा,**
**पुलिस अधीक्षक मंडला**

# श्री शिव महापुराण साक्षात शिव स्वरूप है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर मुख्यालय के पीडब्लूडी कॉलोनी मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन पं. पू.आचार्य शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि श्री शिव महापुराण साक्षात शिव स्वरूप है। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण में कुल 461 अध्याय हैं तथा इसमें 24 हजार श्लोक हैं। इस पुराण को सात, नौ व ग्यारह दिनों में सुनने की परंपरा है। कथा के दौरान श्री द्विवेदी ने शिव महापुराण कथा के तहत देवराज देवलोक की प्राप्ति की कथा के साथ चंचुला का वैराग्य व विंदुग का उद्धार, शिव पुराण के श्रवण की विधि, भक्तों के पालन करने योग्य का नियम, विद्येश्वर संहिता का वर्णन बढ़े ही मनोहारी ढंग से किया। इसके साथ ही उन्होंने शिव का ज्ञानोपदेश, शिवलिंग की स्थापना विधि का वर्णन, सदाचार एवं यज्ञ के महत्व, शिव नाम मंत्र जाप की महिमा के वर्णन के साथ ही भस्म एवं रूद्राक्ष धारण से समस्त प्राणियों के कल्याण के विषय बताया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनल बर्मन ने बताया कि शांति व समृद्धि के लिए शिविमहापुराण का आयोजन गया है। शिव महिमा से श्रद्धालुओं का कल्याण होगा। धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। दूर-दूर से आए भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए बर्मन परिवार तत्पर हैं।

## अजेय मंडला पत्रिका ने मंडला जिले के प्रतिभा को क्रीड़ा भारती संस्था को अवगत कराया



**मण्डला।** विकास जायसवाल के सुपुत्र आशुतोष जायसवाल को क्रीड़ा भारती महाकौशल प्रांत की और सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया आप सभी को ज्ञात है कि हाल में ही आशुतोष जायसवाल ने वूशु मार्शल आर्ट पर राज्यस्तरीय गोल्ड विजेता प्राप्त किया था जो की मंडला जिले के लिए गोरव की बात है 9 वर्ष का बालक आज खेल के प्रति उत्साह दिखा रहा है आप निरंतर खेल के प्रति अपनी उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे ऐसी शुभकामना प्रेषित किया इस शुभ अवसर पर क्रीड़ा भारती मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी संघ प्रचारक श्रीमान कौशलेंद्र जी विभाग कार्यवाह श्री संतोष कोष्टा प्रांत मंत्री श्री राकेश और मंडला विभाग संयोजक श्री शंशाक उपस्थित रहे।

**आयोजन** | तहसील स्तर पर किये जा रहे है लगातार आयोजन।

# नैनपुर में वैश्य तहसील महासम्मेलन का हुआ आयोजन

*** वार्षिक कैलेण्डर का किया गया वितरण।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विगत दिवस वैश्य महासम्मेलन मंडला इकाई के जिला, संभाग, एवं नैनपुर के आजीवन सदस्यों, पदाधिकारियों की उपस्थिति में रेलवे म्यूजियम परिसर में नैनपुर तहसील का आजीवन सदस्यों का सम्मेलन संपन्न हुआ।

तहसील पदाधिकारियों सुभाष गुप्ता तहसील अध्यक्ष एवं तहसील प्रभारी मनोज खंडेलवाल ने संभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, संभाग महामंत्री रंजीत कछवाहा, जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल एवं मंडला तहसील अध्यक्ष अखिलेश सोनी का माल्यार्पण से स्वागत किया।

सर्वसम्मति से मनोज खंडेलवाल जी को नैनपुर तहसील प्रभारी और सुभाष गुप्ता जी को नैनपुर तहसील अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।

संभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में वैश्य सम्मेलन से जुड़कर बड़े नेटवर्क यानि बड़े परिवार के साथ जुड़कर मिलने वाले स्नेह, सुख दुख में सहयोग के संबंध में अपने अनुभव को साझा किया।

जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल ने बताया वैश्य महासम्मेलन 20 संभाग और 62 जिलों में कार्य कर रहा 32 घटक से जुड़े व्यवसायियों का बहुत बड़ा संगठन है । जिसमें मुख्य इकाई, युवा प्रकोष्ठ और महिला इकाई के द्वारा पूरे वर्ष में 12 कार्यक्रम हर जगह आयोजित किए जाते हैं।आगामी माह जनवरी में वैश्य कल्याण ट्रस्ट द्वारा निर्मित पांच मंजिला भवन का उद्घाटन भोपाल में आयोजित किया जा रहा है जिसमें हर जिले की हर तहसील से मुख्य पदाधिकारियों की सहभागिता रहेगी सभी आजीवन सदस्य सादर आमंत्रित हैं।

कैलेंडर विमोचन, स्वल्पाहार, और पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री रवि अवधवाल जी को श्रद्धांजलि हेतु दो मिनट का मौन के पश्चात सुभाष गुप्ता जी के द्वारा आभार व्यक्त करने के पश्चात मनोज खंडेलवाल जी के नेतृत्व में रेलवे म्यूजियम का भ्रमण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। नैनपुर के आजीवन सदस्यों का सहयोग एवं उपस्थिति सराहनीय रही।



## शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटेहरा के टिकरिया ग्राम में रंगमंच के पास शासकीय जमीन है जहां पर अवैध निर्माण किया जा रहा है ग्राम वासियों ने लिखित शिकायत तहसीलदार को दिए हैं कि रगमंच के पास जो की सिचाई विभाग के आसपास उपयोगी एवं सार्वजनिक कार्यों हेतु रंगमंच का उपयोग किया जाता है रंगमंच के सामने शासकीय भूमि जिस पर राजकुमारी धुर्वे द्वारा अवैध निर्माण एवं नाजायज कब्जा जमा कर निर्माण कर किया जा रहा है उसे तत्काल रोका जाए ग्रामवासियों का कहना है कि हमें यहां पर कई प्रकार के कार्यक्रम करते हैं जिसके लिए यह जमीन सुरक्षित है परंतु अवैध निर्माण के कारण कार्यक्रम के लिए जगह नहीं रह पाएगी अतः श्रीमान तहसीलदार से निवेदन है कि तत्काल कार्यवाही की जावे।

खबर संक्षेप

## शासकीय तालाब पर धडल्ले से किया जा रहा है अतिक्रमण, राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा नजरअंदाज

**गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ी हुई शासकीय भूमि का अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए लोगों को सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। वही दूसरी ओर जिस जगह खुलेआम शासकीय भूमियों के साथ साथ तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा नजर अदांज करते हुए अतिक्रमण कारियों को सह प्रदान की जा रही है? इस बत की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखोड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी मिढ़वानी के ग्राम देवरी में देखने मिल रही है जहां पर लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते यहां पर बने हुए तालाब पर अपना कब्जा जमाते हुए उस पर धडल्ले से भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में बताया जाता है कि ग्राम देवरी के तालाब पर दिनों दिन हो रहे अतिक्रमण को लेकर जहां प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौन साधा गया है, वही दूसरी ओर पंचायत भी नजर अदांज करते हुए यहां पर निवास करने वाले लोगों को इस प्रकार की सह प्रदान की जा रही है कि उनके घरों में उसी शासकीय पर अतिक्रमणकारियों के पक्के शौचालयों का निर्माण तक कराया जा रहा है जिसके चलते इस तालाब का स्वरूप छोटा होता जा रहा है। वही दूसरी ओर तालाब में प्रदूषण भी लगातार बढने के कारण गंदगी फैल रही है। इस प्रकार से तालाब में लगातार हो रहे अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों को पता न हो ऐसा तो हो ही नही सकता है? क्योंकि यहां पर जहां आये दिन राजस्व विभाग के अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। वही ग्राम हल्का पटवारी आये दिन भ्रमण करते हुए संपूर्ण सच्चाई से अवगत होने के बाद भी तालाब पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर जिस प्रकार से चुप्प बैठे हुए है उसे लेकर लग रहा है कि शायद अतिक्रमण कारियों को राजस्व विभाग के अधिकारियों की ही सह प्रदान हो रही है? और इसी के चलते वह शासकीय तालाब को अपने कब्जे में करने के लिए कोई कसर नही छोड़ रही है? वही दूसरी ओर यदि ग्राम पंचायत की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पंचायत द्वारा इस शासकीय तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराने की पहल तो दूर वहां पर निवास करने वाले लोगों को सुविधाएं भी प्रदान की कराई जा रही है जिसके चलते तालाब पूर्णरूप से नर्क का स्वरूप लेता जा रहा है।

## बच्चों को सुनायी नहीं पड़ सी एटी केट, क्षेत्र में फन इन इंग्लिश योजना पर लगा ग्रहण?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** म.प्र. शासन की ओर से क्षेत्र में शालाओं के उन्नयन, स्कूलो में अध्यापन का वातावरण तैयार करने के लिए भले भारी भरकम रकम बहायी हो किन्तु हकीकत यह है कि क्षेत्र की अधिकांश शालाओं में शासन की मंशा के अनुरूप न तो पढ़ाई हो रही है और न ही शिक्षक इस बात को गंभीरता से सोच रहे है कि उन्हे भावी पीढ़ी का भविष्य सँवारना है। नतीजतन क्षेत्र में प्रदेश सरकार की कई महत्वपूर्ण शिक्षा योजनाएँ बैसाखी के बल पर चलती दिखायी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केन्द्र ने कुछ समय पहले शासकीय शालाओं में फन इन इंग्लिश कार्यक्रम की शुरूआत की थी जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलो में बच्चो को रेडियों के जरिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उक्त कार्यक्रम के चलते क्षेत्र की शालाओं में रेडियो भी उपलब्ध करायें गए थें।

# लगभग एक साल पहले बनी हुई भौरझिर से घघरौला डामर सड़क पर दिखाई देने लगे गड्ढे, सच्चाई छिपाने के लिये थेगरा लगाने की हुई शुरूआत

**अब पता नही थिगरआऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक दे पायेगी साथ..., निष्ठा के साथ जांच हुई तो रोड निर्माण में चौकाने वाले परिणाम हो सकते है**





**खुलरी।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा गांव गांव पक्की सड़को कि निर्माण को लेकर हर वर्ष इस सोच के चलते करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है कि गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण होने से जहां ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी तो दूसरी ओर ग्रामीण बेरोजगार युवा शहर से जुडने के कारण रोजगार स्थापित कर लेगे। मगर इस सोच को निश्चित तौर से सरकारी धन की होली खेलने वाले अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किस तरह ग्रहण लगाया जाता है कि लाखों रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क जहां चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर गांवों में जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये सड़को का निर्माण कार्य किया जाता है उसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये पास किये जाने का परिणाम है कि सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि की खुलेआम होली खेलते हुये दिखाई देने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम भौरझिर से ग्राम घघरौला पटना तक बनी हुई डामरीकृत सड़क को देखते हुये जान पड़ रह है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले हुआ था। मगर अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत सड़क टूट जाने की सच्चाई को बीते हुये दो वर्ष पहले हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद इस सड़क के मजबूती करण के नाम पर राशि स्वीकृत होने के बाद पुनः इस सड़क का निर्माण बीते हुये वर्ष यानि की लगभग साल पहले ही हुआ है। खैर मौके पर लगा हुआ वोर्ड इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर कुछ और ही बता रहा है? मगर ग्रामीणों ने चर्चा करते हुये बताया है कि लगभग एक साल पहले ग्राम भौरझिर से घघरौला तक डमरीकृत सड़क का निर्माण किया गया है। इस तरह इस सड़क के निर्माण को अभी लगभग एक साल का समय ही बीत पाया होग और जिस प्रकार से इस सड़क में जहां तहां गड्ढे निकलना शुरू हो गया है वह गड्ढे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने से नही चूक रहे है..? वही दूसरी ओर इस समय देखा जा रहा है कि मात्र अपना पहला जन्म दिन बनाने वाली इस सड़क पर निकल रहे गड्ढो की सच्चाई को छिपाने के लिये सड़क पर थेगरा लगाना जरूर शुरू कर दिया गया है। अब देखना है कि यह थिगराऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक साथ देने में सफल हो पाती है..? क्षेत्र के लोगों द्वारा इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर जांच की मांग उठाई जा रही है और क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण की यदि निष्ठा से जांच हुई तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी..? इस तरह सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये जिस तरह इस सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसका परिणाम है कि सड़क चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया है। मगर इस हैरत की बात है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये सरकार द्वारा जिस तरह ग्रामीणों को पक्की सड़को की सौगात प्रदान करने का जो सपना संजोया गया है उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद माह उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की निष्ठावान अध्किारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इस तरह होने वाले गफलतबाजी की गंगा में सोंझाआई का गोता लगा रहे होगे तो फिर ईमानदारी से जांच की उम्मीद कैसी की जा सकती है? यह बात अलग है कि किसी भी सरकारी कार्य को पूरा निजी कंपनी द्वारा ठेके पर लेकर किया जाता है और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की सोच रहती है कि जिस निर्माण कार्य का उसने ठेका लिया गया है उसमें उसे अधिक से अधिक लाभ होना चाहिये। मगर इस सब पर निगरानी रखने के लिये प्रशासनिक अधिकारी होते है उन्हीं की देखरेख में सरकारी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाते है। नियम के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य को जब तक संबंधित विभाग का जिम्मेदार अधिकारी अपनी ओर से निर्माण संबंधी संतुष्टि प्रमाण पत्र नही देता है तब तक उस निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान नही होता है। मगर गफलतबाजी की गंगा में जब संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर गोता लगा रहे होते है तो फिर किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की उम्मीद करना कहा तक सफल हो सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम भौरझिर से घघरौला पटना के बीच लगभग एक साल पहले बनी हुई डामरीकृत सड़क की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कलेक्टर से निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग उठाई जा रही है।

# कांग्रेस द्वारा पुरानी गल्ला मंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुये गृह मंत्री शाह का पुतला जलाने का किया प्रयास, पुलिस की चौकस व्यवस्था ने किया असफल







गाडरवारा। स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में बीते हुये शनिवार को स्थानीय कांग्रेस जनों द्वारा भाजपा नेताओं पर संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाने के साथ ही राहुल गांधी पर हुई झूठी एफ आई आर के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा अमित शाह का पुतला दहन करने का प्रयास करते हुये इस्तीफे की मांग की गई। बताया जाता है कि कांग्रेस द्वारा निर्धारित किये गये केन्द्रीय गृह मंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम की पुलिस को जानकारी लग जाने के चलते जहां समय के पहले ही मंडी में भारी पुलिस बल तैनात हो चुका था। वही दूसरी ओर नगर पालिका से फायर ब्रिगेड बुलाकर खड़ी कर दी गई थी। इस तरह जब कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के साथ जैसे ही युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पुतले में आग लगाने लगे पुलिस ने मौके पर खड़ी हुई फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार कराने के साथ साथ पुतला छीन लिया गया। इस तरह काफी देर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच झूमा



झटकी होती रही और आखिरकार पुलिस द्वारा पुतला दहन करने के प्रयासों को असफल कर दिया गया। लेकिन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह में कमी नहीं आई और उन्होंने पानी में भीगते हुए अपना विरोध जताया। इस दौरान क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता पटेल ने कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जी के अपमान एवं राहुल गांधी पर हुई झूठी एफ आई आर का हम विरोध करते हैं। देश के गृहमंत्री ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी पर जो टिप्पणी की है उसकी हम निंदा करते हैं। इसी प्रकार से कांग्रेस नेता अभिनव ढिमोले ने कहा कि देश गृहमंत्री ने जो अमर्यादित बयान दिया है। वह निंदनीय है हम उस बयान की निंदा करते है जल्द ही कांग्रेस जिला मुख्यालय में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेता रवि शेखर जायसवाल ने कहा कि देश के गृहमंत्री को अपने पद की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए उन्होंने संविधान के रचयिता के बारे में जो अपमान जनक टिप्पणी की है उसकी हम घोर निंदा करते हैं। युवा कांग्रेस ,एन एस यू आई बधाई की पात्र है जिन्होंने विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम रखते हुये बाबा साहब के सम्मान में अपनी आवाज बुलंद की गई। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को नहीं मानती भाजपा हमारे कांग्रेस नेताओं के बारे में गलत टिप्पणी करते हुए चली आ रही है। अब देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जी के बारे में जो टिप्पणी की है उसकी हम निंदा करते हैं। युवा कांग्रेस नेता राजदीप दुबे ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर जी सबके लिए अमर हैं सभी उनका सम्मान करते हैं देश के गृहमंत्री ने जो टिप्पणी करके उनका अपमान किया है उसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इस प्रकार से नगर की पुरानी गल्ला मंडी में विरोध प्रदर्शन करते समय कांग्रेस नेता सुरेंद्र पटेल मझले भैया, उमा गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अवधेश रूसिया, आलोक जैन, सतीश सैनी, जयेश खजांची, अनिल साहू, हरिसिंह बौद्ध,, जगमोहन गुर्जर, राजुल शेखर जायसवाल, आयुष जैन, कपिल नीखरा, तिलक चौहान, हुसैन भाईजान, अखिलेश खंताल, राजू ढिमोले, शिवम बरहैया , पीयूष राजपूत, संजय कौरव, प्रदीप कौरव, आकाश चौहान, शहबाज कुरेशी, शुभम कौरव, धुर्व राडवे, कौशिक काबरा, रितिक शर्मा, आदित्य श्रीवास, वासु ढिमोले लकी अली सहित अन्य कांग्रेस नेतागण मौजूद थें।

# ककराघाट रोड पर डंपर ने बाइक चालक को टक्कर मारते हुये घसीटा एक किलोमीटर तक, युवक की हुई मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

क्षेत्र की सड़को पर बेलगाम गति से दौड़ रही वाहनों पर अंकुश नही लगने का परिणाम है कि आये दिन जहां सड़के खून से लाल होते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर लोग मौत के मुंह में समाने से नही चूक रहे है। क्योंकि एक दिन पहले यानि की शुक्रवार को समीपस्थ सांईखेडा थाना क्षेत्र के मेहरागांव रोड पर देखने मिली थी तो दूसरे दिन यानि की शनिवार को गाडरवारा से तेंदूखेड़ा जाने वाले मार्ग ककराघाट रोड पर एक डम्फर द्वारा मोटर साईकिल को कुचलते हुये उसको मौत की नींद सुला दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम हीरापुर निवासी बच्चन सिंह राजपूत उम्र लगभग 48 साल अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था। उसी दौरान ककरा घाट मार्ग पर तेज गति से भागते हुये जा रहे डम्फर क्रमांक MP-15-HA- 2808 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक डम्पर को चलाते हुये इस तरह टक्कर मारते हुये भागने का प्रयास किया गया जिसके चलते बाइक चालक डम्फर में फंसकर लगभग एक किलो मीटर तक घसीटते हुये चला गया जिसके चलते युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है।

# सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे ट्रैक्टर, कृषि कार्य की जगह अन्य कार्यों में नियम विरूद्व हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं? प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा उन निरीह और बेबर नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकर हैरत होगी कि हाईवे पर घटित अधिकांश दुर्घटनाओं के कारण ये ट्रैक्टर ट्राली ही माने जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से सड़को पर रेत लेकर दौड़ने वाले इन ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मात्र उनकी रेत




रायल्टी देखते हुये छोड़ देते है। जबकि रेत या फिर मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों का खजिन विभाग में पंजीयन होना अति आवश्यक होता है तभी वह रेत या फिर अन्य प्रकार के खनिज का परिवहन कर सकते है। मगर इसके बाद भी न तो आरटीआई विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों को लक्ष्मी नारायण का पूजन करते हुये अभयदान प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में आने वाले ट्रैक्टरों के पीछे लगी ट्राली में माल को लादने के बाद उसके ऊपर इतनी सवारियां बैठा लेते हैं कि उसे देखकर लोगों को अचंभित होना पड़ता है कि आखिर ये सवारियां बिना सहारे के कैंसे बैठती हैं? क्योंकि ट्राली में पकड़ कर बैठने का कोई साधन नहीं होता जो यात्रियों को हिलने डुलने या गिरने से बचा सके तथा कम किराये एवं घर से गंतव्य तक पहुँचने के कारण इन यात्रियों को मौत का भय भी नहीं लगता है। वही देखा जाता है कि ऊबड़ खाबड़ रास्ते एवं हिचकोले खाता हुआ ट्रैक्टर और उस पर सवार ग्रामीणों को ईश्वर का ही सहारा होता है अन्यथा ट्रैक्टर चालक को तो यह पता भी नहीं होता कि बैठे लोग किस मुसीबत को सहन कर रहे हैं, जिसमें अब ऐंसे ग्रामों की संख्या दो अंकों में ही होगी जहाँ आधुनिकता की निशानी यह कृषि यंत्र न होकर अब यह रेत, गिट्टी, मिट्टी, ऱ्इंट, लोहा, विल्डिंग मटेरियल एवं अन्य सामग्रियों को ढोने वाले वाहन बन चुके हैं। जबकि सही मायाने में देखा जावे तो ट्रेक्टर का उपयोग मात्र खेती के लिए ही होता है और इसी के चलते ट्रेक्टर ही हर ट्राली पर कृषि कार्य हेतु लिखा रहता है। मगर इसके बाद भी धडल्ले से लोगों द्वारा संपूर्ण नियम कायदे कानूनो को दर किनार करते हुए इन ट्रेक्टरों का उपयोग अब खेती की जगह व्यवसाय में किया जा रहा है, इतना ही नही यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो अनेक ट्रेक्टर मालिक तो इस प्रकार से देखे जा रहे है जिनके पास खेती के नाम पर जमीन ही नही है इसके बाद भी बैकों द्वारा जहां उन्हें ट्रेक्टर लेने के लिए लोन दी जा रही है, वही दूसरी ओर आर टी ओ विभाग द्वारा धडल्ले से ट्रेक्टरों का रजि. करते हुए सड़कों पर मौत का साधन प्रदान करने में देरी नही कर रहा है?

# कौड़िया कन्या हाई स्कूल में कैरियर मार्ग दर्शन के साथ संपन्न हुआ सम्मान का आयोजन



**कौड़िया।** जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कौडिया के शासकीय कन्या हाई स्कूल में बीते हुये दिवस कैरियर मार्ग दर्शन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम मे 24 घंटे समाज सेवा में लीन रहने वाले समाज सेवी मुकेश बसेड़िया ने 10 उत्कृष्ट बेटियों को ट्राफी मेडल के साथ प्रतियोगी परीक्षाओ की उपयोगी सामग्री के साथ ही लगभग 100 बेटियों को शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। वही संस्था प्राचार्य व स्कूल स्टाफ को कलम , डायरी के साथ धार्मिक पुस्तके प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने स्कूल मे शिक्षकों के साथ अशोक का पौधा लगाया। इस अवसर पर बसेड़िया ने छात्राओं क्रो व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन पर सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन मे आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई बेहद आवश्यक हे। सभी छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें एवं परीक्षा मे अच्छे अंक हासिल करते हुए परिवार एवं जिले क्रो गौरवान्वित करें। इस दौरान उन्होने कहा कि परीक्षा मे तनाव न लें बल्कि आत्म विश्वास से परिपूर्ण होकर पढ़ाई करें। कार्यक्रम मे बिटिया तनुश्री बसेड़िया ने आध्यात्मिक श्लोक सुनाये। विदित हो कि कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र का पूजन कर किया गया। कार्यक्रम मे प्राचार्य जय मोहन शर्मा ने बसेड़िया का स्वागत किया एवं अपने उदबोधन मे छात्राओं के सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शालेय स्टॉफ से कमल बचकैया, अभय ओझा, श्रीमति शशि श्रीवास्तव, श्रीमति कांति चौधरी , श्रीमति रश्मि सोनी, हर दयाल जाटव, धनराज जाटव रमाकांत दुबे, प्रमोद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण, बोर्ड परीक्षाओ की तैयारी पर की चर्चा

**गाडरवारा।** स्थानीय बीटीआई स्कूल का बीते हुये दिवस जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय मे प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल की उपस्थिति मे स्टॉफ के शिक्षक्रो की बैठक लेते हुये कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के शेड्यूल के मुताबिक एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा 27 फरवरी से एवं कक्षा 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी 2025 से आयोजित की जाएगी। वार्षिक परीक्षा में विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहे इस उद्देश्य क्रो लेकर सभी कार्य करें। वही शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ विद्यालय में छात्र की उपस्थिति, अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन की समीक्षा एवं वार्षिक परीक्षा की कार्ययोजना के अनुरूप छात्र के शैक्षणिक स्तर में सुधार , रेमेडियल कक्षाओं का विधिवत संचालन हो। इसके अलावा उन्होंने



विद्यालय से लगातार अनुपस्थित छात्र छात्राओं के पालकों से शिक्षक द्वारा शाला समय के अतिरिक्त संपर्क करने, प्रत्येक विषय के लिए कक्षा शिक्षक द्वारा वार्डन नियुक्त , डी एवं ई ग्रेड के बच्चों को वस्तुनिष्ठ एवं लघु उत्तरीय प्रश्नों का अभ्यास करवाने के निर्देश दिए। बैठक उपरांत उन्होंने जीव विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षक्रो के सहयोग से नवाचारी उच्च माध्यमिक शिक्षक के के राजोरिया द्वारा तैयार की गईं गणित टीएलएम व विज्ञान प्रयोग शाला का अवलोकन कर वहाँ किए गए नवाचारो की प्रशंसा की एवं उन नवाचारो क्रो अनुकरणीय बताया। जिला शिक्षा अधिकारी ब्योहार द्वारा सतत रूप से स्कूलों का निरीक्षण कर बोर्ड परीक्षाओ मे उत्कृष्ट परिणाम लाने की दिशा मे सार्थक प्रयास किए जा रहे हे। इस दौरान उन्होंने चीचली ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगाँव मे भी प्राचार्य एवं शिक्षकों की विद्यालय स्तर पर समीक्षा बैठक कर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हेतु अधिक से अधिक ऑनलाइन पंजीयन कराने एवं अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन की समीक्षा कर वार्षिक मूल्यांकन परिणाम में 85%से अधिक परिणाम के लिए आवश्यक कार्ययोजना अनुसार शिक्षण कार्य कराने एवं परिणाम कम आने की स्थिति मे संबंधित विषय के शिक्षक एवम प्राचार्य की दो वेतन वृद्धि रोके जाने संबंधी स्पष्ट दिशा निर्देश दिए।

# वद्धावस्था पेंशन योजना के हितग्राहियों के मशीन में फिंगर नहीं आने से हो रहे परेशान

**सांईखेड़ा।** शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ा दायक होती जा रही है। यह बात अलग है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है और इसी प्रकार शासन की कई अन्य योजनायें क्षेत्र के गांवों में भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है। शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म



निकालकर यह नियम लागू किया गया था। मगर इस योजना का लाभ अनेक निःसहाय वृद्धों को नहीं मिल पा रहा है? आम जन का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इन वृद्धों के आवेदनों को बिना देखे ही निरस्त कर दिया जाता हैं, विधवा महिलाओं की भी स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है। देखने में आता है कि उन्हें भी शासन की योजनाओं से कोई फायदा नहीं मिल पाता है। क्षेत्र में अनेक विधवा महिलायें हैं जो परेशानियों के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं जिनका भला करने के उद्देश्य से शासन ने इस प्रकार की योजनायें शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा चलाई जा रही इस प्रकार की अनेक योजनाओं के बारे में पंचायत स्तर पर बैठे कुछ अधिकारी भाई-भतीजावाद की भेंट चढ़ाकर उन्हें पूरा कर देते हैं और पात्र हितग्रहियों को उनसे वंचित कर दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरों से लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा इन योजनाओं की राशि अनेकों माह तक बैंकों में ही पड़ी रहती है और हितग्राही इस राशि को पाने के लिये भटकते रहते हैं। क्योंकि शासन की योजना के तहत इन वृद्वों की पेंशन राशि का भुगतान के लिये उनके खाते आधार से लिंग किये गये है। मगर अनेक वृद्वजनों के अब भुगतान मशीन में फिंगर सही रूप से नही आने के कारण पेंशन राशि के भुगतान से बंचित हो रहे है। इस प्रकार से वृद्वजनों की बीते हुये कई महिनों से पेंशन राशि बैक खातों में ही पड़ी है और उसका हितग्राही कोई लाभ नही ले पा रहे है।

खबर संक्षेप

## महाविद्यालय अमरपुर में विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विशेष अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। ध्यान अभ्यास के लिए प्रशिक्षक मनीष गायकवाड़ एवं लाल सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ध्यान अभ्यास कराया गया एवं ध्यान से होने वाले विभिन्न शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य जनक लाभों से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्रभारी प्राचार्य संदीप सिंह, देव प्रकाश उईके, रूपेंद्र वरकड़े, डॉ. सीमा सस्त्या, डॉ. सुनील काकोड़िया, कैलाश प्रसाद लखेरा एवं महाविद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

## मारपीट में बीच बचाव करना पड़ा भारीः 12 वीं के छात्र की ईलाज के दौरान मौत



**डिंडौरी न्यूज़।** जिला मुख्यालय में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोंदूटोला में विगत दिनों हुए लड़ाई झगड़े में लगभग आधा दर्जन छात्रों ने 12 वी में अध्ययनरत छात्र सूर्यभान मार्को की जमकर पिटाई कर दी, जिससे छात्र की ईलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 दिसम्बर को कक्षा 10 वी का अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित किया गया था, परीक्षा के बाद कक्षा 10वी के एक छात्र की कुछ लोग स्कूल के पास ही मुख्य मार्ग के किनारे पिटाई कर रहे थे। वही पास में मंगल के घर किराए पर कमरा लेकर सूर्यभान मार्को निवासी मोहनझिर ग्राम पंचायत चिचरिंगपुर रहता था, उसने लड़ाई झगड़ा कर रहे छात्रों के बीच बचाव किया था, जिससे नाराज होकर आधा दर्जन छात्रों ने सूर्यभान पर हमला कर दिया। बताया गया कि मारपीट के 2 दिन तक छात्र परीक्षा में सम्मलित हुआ है, तबियत खराब होने पर गांव मोहनझिर चला गया था, पेट दर्द होने पर परिजनों ने शहडोल अस्पताल में भर्ती कराया था, जहाँ उपचार के दौरान सूर्यभान की 21 दिसम्बर को मौत हो गई।

## अच्छे विचारों को प्रोत्साहित करने से अच्छा बनता है समाज-डॉ. विनम्र वी जैन

**अनूपपुर।** सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से अनूपपुर आने वाले सर्वोदय नेताओं और सेवकों का स्वागत करते हुए शहडोल संभाग के अग्रणी चिकित्सालय अमृता अस्पताल के डायरेक्टर रोबोटिक सर्जन डॉ विनम्र वी जैन ने कहा कि अच्छे विचारों और कार्यों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने से अच्छाई का वातावरण निर्मित होता है। समाज अच्छा बनता है। उल्लेखनीय है कि डॉ. विनम्र वी. जैन सर्व सेवा संघ अधिवेशन की स्वागत समिति के अध्यक्ष और लोक समिति अनूपपुर के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी में हैं। यह जानकारी आयोजन समिति के संयोजक सर्व सेवा संघ के युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक भूपेश भूषण ने दी। ज्ञात हो कि विंध्य में सर्व सेवा संघ का पहली बार 22, 23 दिसंबर को अनूपपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन किया जा रहा है। सर्व सेवा संघ सर्वोदय विचार की सर्वोच्च संस्था है जिसके दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन महात्मा गांधी के पोते सामाजिक कार्यकर्ता वी लेखक तुषार गांधी करेंगे। वरिष्ठ अधिवेशन में कई ख्यातिलब्ध गांधी विचारक, चिंतक, लेखक एवं रचनात्मक कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसके नाम हैं जिसमें सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ सुगन बरंठ, मैनेजिंग ट्रस्टी शेख हुसैन, गांधी वाचक अरविंद अंजुम, गांधी नेशनल म्यूजियम के डायरेक्टर डॉ ए. अन्नामलाई, गांधी भवन न्यास के अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव दयाराम नामदेव, सम्यक अभियानक प्रवर्तक वरिष्ठ लेखक, विचारक भास्कर राव रोकड़े, पूर्व संसद और गांधी विचार की वाहक मीनाक्षी नटराजन, पूर्व आईएएस और लेखक राजीव शर्मा, पूर्व हाई कोर्ट जस्टिस मनोरंजन मोहंती, किसान अधिकार अभियान महाराष्ट्र के संयोजक अविनाश काकडे और राजस्थान के संयोजक जगदीश भाई, डॉ विश्वजीत रॉय, मध्यप्रदेश गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणी आदि।

### व्यापारियों ने फुटपाथ तक कर रखा था कब्जा

# चला प्रशासन का बुलडोजर

शनिवार को नपा, पुलिस,और राजस्व विभाग की टीम ने नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की।कार्यवाही के लिए दो टीमों का गठन किया गया और लगभग सड़क किनारे सौ अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

हरिभूमि न्यूज डिंडोरीः




अधिकारियों का कहना कि नगर को व्यवस्थित करने और ट्राफिक जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए हर शनिवार को अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही की जाएगी।

### दो टीमों ने हटाए सड़क किनारे से सैकड़ों अतिक्रमण

नपा के सहायक राजस्व निरीक्षक आशीष कोरी ने बताया कि एक सप्ताह से गाड़ियों में माइक से सूचना दी गई है।सड़क किनारे लगभग सौ अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी जारी किया गया था।शनिवार को दो टीम गठित की गई ,एक टीम तहसीलदार आर पी मार्को और दूसरी टीम शशांक शिंदे की अगुवाई में कलेक्ट्रेट तिराहे से कालेज तिराहे और कलेक्ट्रेट तिराहे से मंडला बस स्टैंड तक दो जे सी बी और चार ट्रैक्टर ट्राली की मदद से लगभग सौ अतिक्रमण हटवाए गए है।

### सड़क में न हो ट्राफिक जाम इसलिए हटवाए अतिक्रमण

डिंडोरी तहसीलदार आर पी मार्को का कहना है कि नगर में सड़क किनारे तक फुटपाथ में भी दुकानदार, दुकानें लगाते है।जिससे गाड़ियों के पार्किंग की जगह नहीं बचती और नगर में जगह जगह ट्राफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।लिहाजा अतिक्रमण हटाना पड़ता है।अब जिला प्रशासन न तय किया है कि सप्ताह के हर शनिवार को टीम नगर में अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही करेगी।ताकि नगर को व्यवस्थित किया जा सके।




## सुशासन सप्ताह और जन कल्याण पर्व के तहत गांव-गांव में शिविरों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को धरातल तक सुगम रूप से पहुंचाने के लिए चौथे सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।साथ ही भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जन कल्याण पर्व के तहत जनप्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते आज ग्राम पंचायत सरई में जनशिविर में शामिल हुए। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।जनकल्याण पर्व के तहत समनापुर कलस्टर में आज ग्राम पंचायत माधोपुर, छांटा, किंवटी, सरई और पड़रिया में जन शिविर आयोजित किये गए। उक्त शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। सीईओ जनपद पंचायत समनापुर सी.पी. साकेत ने बताया कि आयोजित शिविरो में 46 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार किये गए।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्वरोजगार को मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



जून 2020 से प्रारंभ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आज स्ट्रीट वेंडर और छोटे व्यवसायियों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत स्ट्रीट वेंडरों और छोटे व्यवसायियों को कार्यशील पूंजीऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। योजना के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए बिना किसी गारंटी के 10 हजार रूपए तक की कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। समय पर इस ऋण का पुर्नभुगतान करने पर 20 हजार रूपए ऋण की दूसरी और 50 हजार रूपए ऋण की किस्त की सुविधा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत प्रतिवर्ष 1200 रूपए तक कैशबेक के माध्यम से डिजीटल लेनदेन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत जिले के रेहडी, स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यवसायियों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने के लिए विक्रेता के पास शहरी स्थानीय निकायों द्वारा जारी वेंडिंग प्रमाण पत्र या पहचान पत्र होना आवश्यक है। योजना का क्रियान्वयन शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के माध्यम से जहां एक ओर छोटे व्यवसायियों को आवश्यक ऋण उपलब्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर डिजीटल पेमेंट को भी बढ़ावा मिल रहा है। शहरी आजीविका मिशन प्रबंधक श्रीमती श्वेता तिवारी ने बताया कि पीएम स्वनिधि के माध्यम से जिले में दो हजार से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं एवं लगातार ऋण आवेदनों को स्वीकृत किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि योजना से ऋण प्राप्त कर श्री मनोज मिश्रा की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उनकी आर्थिक स्थिति पूर्व में ठीक नहीं थी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के संबंध में जानकारी मिलने पर उन्हें आजीविका मिशन के सहयोग से यूनियन बैंक के द्वारा 10 हजार रूपए की प्रथम किस्त प्राप्त हुई, जिससे प्रारंभिक तौर पर व्यवसाय करने में सुविधा हुई। व्यवसाय में वृद्धि के साथ श्री मनोज मिश्रा के द्वारा प्रथम किस्त की राशि चुकाने के बाद 20 हजार रूपए की दूसरी किस्त प्राप्त हुई तथा इसी क्रम में उन्हें 50 हजार रूपए की तीसरी किस्त भी व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए प्रदान की गई। पीएम स्वनिधि के माध्यम से आज मनोज मिश्रा की जीवन में एक बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। इसी प्रकार नगर क्षेत्र के श्री सीताराम गुप्ता, श्रीमती अर्चना चौरसिया, श्री दीपचंद जैसे अनेकों लोगों को पीएम स्वनिधि के माध्यम से ऋण प्राप्त हुआ है जिससे उनके जीवन में सार्थक बदलाव आया है। पीएम स्वनिधि योजना ऐसे सभी छोटे व्यवसायियों के लिए एवं स्वरोजगार को प्रेरित करने के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

## वार्ड क्रमांक 9 डेम घाट में हुआ जनशिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत नगर परिषद डिंडौरी के द्वारा नगरीय क्षेत्र में हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक वार्ड में जनशिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनशिविर के माध्यम से जनमानस तक हितग्राहीमूलक योजनओं के लाभ दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 9 डेम घाट में जनशिविर का आयोजन किया गया। सीएमओ सत्येन्द्र शालवार ने बताया कि जनशिविर में आज कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 12 आवेदन स्वीकृत किए गए। अब तक जनकल्याण अभियान के तहत 184 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। शेष आवेदनों को स्वीकृत करने के संबंध में संबंधित लाभार्थियों को जानकारी दी गई। शिविर के तहत लाभार्थियों को घर-घर जाकर सूचना भी दी जा रही है। उक्त जनशिविर के माध्यम से नगरीय विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## लर्निंग लाइसेंस के लिए आयोजित किये जा रहे विशेष शिविर


हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय के तत्वाधान में विशेष शिविर आयोजित कर कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लाइसेंस बनाये जा रहे है, इस दौरान लर्निंग लाइसेंस बनाने की पूरी प्रक्रिया को समझाया जा रहा है, साथ ही आवेदन भी स्वीकार किये जा रहे है। आज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 हितग्राहियों को लाभ दिया गया। शिविर में विद्यार्थियों को लाइसेंस बनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया शासन द्वारा फैसलेस की जा चुकी है, जिसे आवेदक स्वयं अपने मोबाइल से भी निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण कर बना सकते है। शिविर के माध्यम से यातायात नियम का पालन करने के लिए भी युवाओं को प्रेरित किया गया।

## स्कूलों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए-प्रीति सिंह

### पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर अधिकारियों का कराया ध्यानाकर्षण



**अनूपपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में निर्धारित एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने जिला पंचायत की सामान्य सभा में प्रस्तुत प्रस्तावों पर समय-सीमा में कार्यवाही किए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर तथा सदस्य भूपेन्द्र सिंह, नर्मदा सिंह, दरोगा सिंह, रंजीत सरार्टी, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चर्मकार, श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, रामजी रिन्कू मिश्रा सहित विभिन्न विभागों तथा जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह एवं उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकी राठौर ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यालयों के व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग विधिवत रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा भी मुहैया कराया जाए। इस दौरान विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार अध्यक्ष जिला पंचायत ने शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा भौतिक रूप से सत्यापन करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण करने निर्देश

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत कराए जा रहे कार्यों की संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालय एवं छात्रावासों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी विभाग, खनिज विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों तथा उनके प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत के सामान्य सभा के सदस्यों के द्वारा जिले में संचालित खनिज विभाग के अंतर्गत खदानों तथा खदानों से प्राप्त हो रहे रोजगारों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर हुए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के निर्देश दिए।

### आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर चर्चा

इसी प्रकार बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों को उठाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर चर्चा की। चर्चा के दौरान अधिकारियों ने विषय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। जनजाति कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में किए गए कार्य, सोलर लाइट कार्य, पीएम श्री विद्यालय के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम चिल्हारी एवं परसवार में कराए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सामान्य सभा के सदस्य द्वारा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, जपं. अनूपपुर के ग्राम पंचायत दैखल के उद्वहन सिंचाई सहित अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर जिला पंचायत के पदाधिकारियों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षण करते हुए कार्यवाही किए जाने की बात कही।

## बड़ी संख्या में तेल के पैकेट जप्त, निर्माता कंपनी का भंडाफोड़

# मिलते जुलते ब्रांड बनाकर तेल बेचने वालों पर कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को जिले के करेली में ब्रांड के नाम पर मिलते जुलते नाम से कंपनी बनाकर तेल की पैकिंग कर बेचने वालों पर कार्रवाई भंडाफोड़ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे तेल के पैकेट व सामग्री जप्त की गई। उक्त कार्रवाई पतंजलि फूड लिमिटेड के लीगल एडवाइजर नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा नकल कर रही तेल की कंपनी पर बड़ी कार्यवाही की गई कंपनी को लगातार शिकायत मिल रही थी। ज्ञात हो कि जिले खाद सामग्रियो के नाम पर कई कंपनी ऐसा कार्य कर रही है इन पर भी ठोस कार्रवाई की जावे।

### ब्रांड की तरह की गई पैकिंग

जिले के करेली में नकली तेल निर्माता अनिल इंडस्ट्रीज के द्वारा महायश के नाम से नकली तेल मार्केट में बेचा जा रहा है, जो की हूबहू प्रसिद्ध पतंजलि के ब्रांड महाकोश की तरह ही दिखता है जो की पतंजलि फूड लिमिटेड के रजिस्टर्ड व्यापार चिन्ह और रजिस्टर्ड कॉपीराइट स्टाइल का उल्लंघन कर महायश के नाम से तेल मार्केट में बेचा जा रहा है इसके बाद पतंजलि फूड लिमिटेड द्वारा दिल्ली वाणिज्यिक न्यायालय में नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा वाद दायर किया गया दिल्ली कोर्ट के द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर शिखर कुंडू और अनुराग मलिक ने लोकल पुलिस के सहयोग से कंपनी के परिसर में पहुंच कर कार्यवाही कर तेल जब्त किया, लोकल कमिश्नर की कार्यवाही में पाया गया की वहा पर पतंजलि फूड्स लिमिटेड के रजिस्टर्ड व्यापार चिन्ह और रजिस्टर्ड कॉपीराइट का उल्लंघन कर महायश के नाम से तेल बेचा जा रहा है।



### तेल सहित अन्य सामग्री जप्त

शिकायतों के बाद न्यायालय मे परिवाद दायर किया गया था जिस पर कार्रवाई की गई। स्थानीय कमिश्नर के द्वारा सर्च एंड सीजर कर सामग्री सील किया गया। इस संबंध में बीते दिवस को कानूनी फर्म नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा करेली, नरसिंहपुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर के नेतृत्व में, वाणिज्यिक न्यायालय, दिल्ली के आदेश पर सम्बधित फैक्ट्री पर दबिश दी गई। निरीक्षण के दौरान नकली ब्रांड महायश का काफी मात्रा में तेल, लेबल और पैकेजिंग आइटम जब्त किया गया। उक्त वाणिज्यिक न्यायालय के आदेश के जारी होते से अब महायश के नाम से तेल को खरीदना, स्टॉक में रखना, बेचना, मार्केटिंग व विज्ञापन करना न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होगा एवं उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जावेगी।

### तेल बेचने व स्टॉक रखने पर होगी कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान उक्त कार्य में संलिप्त लोगों को तेल को बेचने व रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यदि नियमों का उल्लंघन किया गया तो ठोस कार्रवाई की जावेगी। जिले के भोले भाले लोगों पर नकली ब्रांड बनाकर स्तरहीन सामग्री का विक्रया कार्य किया जा रहा था जिस पर न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई। खाद्य संबंधी मामलों में प्रशासन द्वारा सजग रहने की बड़ी आवश्यकता जिससे स्तरहीन सामग्री लोंगो की रसोई तक ना पहुंच सके। उक्त कार्रवाई से लोगों को आस है कि जिले के विभिन्न कारोबारियों पर भी असर पड़ेगा और लोगो को अच्छी गुणवत्ता युक्त सामग्रियां प्राप्त हो सकेंगी।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने बैंड व वाद्य सामग्री कि भेंट

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव के एनसीसी कैडेट्स को विधायक महेंद्र नागेश ने बैंड एवं अन्य वाद्य सामग्री भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।वहीं विधायक ने कहा भारतीय सेना के सहायक बल के रूप में एनसीसी की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है एनसीसी कैंडीडेट्स एकता और अनुशासन के ध्येय वाक्य पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अनुकरणीय योगदान दे रही है।

### नहीं रहे मुकेश जैन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित अनाज व्यापारी राजेश कुमार जैन विंदवास वालों के छोटे भाई मुकेश जैन पिंटू का असमय दुखद निधन हो जाने पर सभी वर्गों के लोगों ने अंतिम विदाई देते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की।

### नहीं रहीं देवी बाई मिश्रा

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम रम्पुरा के प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार के मथुरा प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती देवी बाई मिश्रा का असमय दुखद निधन हो गया। श्रीमती मिश्रा बिलगुआं सोसायटी समीति प्रबंधक चंद्रशेखर मिश्रा और प्रवीण मिश्रा की पूज्य माता जी थी। क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

### गल्ला मंडी में दिनदहाड़े मक्का चोरी, किसान ने की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस गल्ला मंडी करेली में अनाज बेचने गये किसान से तय राशि से अधिक रूपये की मांग हम्मालों द्वारा की गई। उक्त बात को लेकर हम्मालों विवाद में बदल दिया गया और पीछे से दो हम्मालों द्वारा मक्के से भरी दो बोरियां चोरी की ली गई। जिसकी शिकायत किसान द्वारा मंडी सचिव से करते हुये कार्रवाई की मांग की गई। वही मंडी सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया कि पुलिस से जांच पड़ताल कराकर कार्रवाई कराई जावेगी। तथा किसान अतुल दीक्षित एवं गुलशन यादव द्वारा शिकायत मे बताया गया कि हम्माल चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे है। करेली मंडी में हम्मालों द्वारा आए दिन किसानों को परेशान किया जाता है अनाज तुलाई के बाद बचा हुआ शेष अनाज किसान को उठाने नहीं दिया जाता है जबरन 25 - 30 किलो अनाज स्वयं ले जाते हैं और नहीं देने पर विवाद करते हैं।

### भाजपा की जिला बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में आज 22 दिसंबर रविवार को शाम 4 से सुशासन दिवस व वीर बाल दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध मे जिला बैठक का आयोजन किया गया है बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपील जिला संगठन द्वारा की गई है।

## पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने छात्र छात्राओं से किया संवाद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा क्षेत्र मे विभिन्न स्कूलों मे जाकर छात्र - छात्राओं से संवाद कर उनकी शिक्षा के बारे मे जाना तथा गर्म कपड़े वितरित किये। इस पहल के माध्यम से उन्होंने न केवल जरूरतमंद बच्चों की मदद की, बल्कि उनके जीवन में सर्दी के मौसम में राहत प्रदान की श्री पटेल ने बच्चों से संवाद के दौरान उनकी पढ़ाई, दैनिक जीवन और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो जीवन को बेहतर बना सकती है उन्होंने बच्चों को ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी और यह भरोसा दिलाया कि वह बच्चों हर संभव मदद के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे ग्राम मानेगांव में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। ऊनी कपड़े पाकर बच्चों ने पूर्व राज्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामस्नेही पाठक, ठाकुर राजेंद्र सिंह, मनमोहन साहू, दीपक राय, अंकुर गोयल, गुड्डू पटेल, आदि की उपस्थिति रहे। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस माध्यम से न केवल बच्चों को ठंड से राहत मिली, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। बच्चों ने श्री पटेल के साथ अपनी समस्याएं साझा की और उन्होंने उन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया इस कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी श्री पटेल का आभार प्रकट किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के जनहित कार्यों को जारी रखेंगे।



### जिले के 79 विद्यालयों में हो रहा काउंसलिंग मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत छात्र. छात्राओं के कैरियर के प्रति जागरूक करने और विभिन्न विधाओं में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी प्रदान करने के उदेश्य से जिले की 79 हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय काउंसलिंग दल के सहायक एपीसी समग्र शिक्षा दीपक अग्निहोत्री ने बताया कि कैरियर काउंघ्सलिंग मेले में जिला स्तरीय काउंसलर दलए मास्टर ट्रेनर एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी छात्र. छात्राओं को कैरियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं।



## भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने के पूर्व भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद पटेल, जिला प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा के निर्देशन मे जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर भ्रांतियां फैलाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों का आरोप था कि कांग्रेस पार्टी द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के भारत रत्न बाबा भीमराव आंबेडकर जी पर दिए गए बयान को काट छांट कर कर गलत तरीके से पेश कर रही है। साथ ही उन्होंने भाजपा सांसद प्रताप सारंगी, मुकेश राजपूत के साथ हुई धक्का मुक्की की भी निंदा की। युवा मोर्चा जिला प्रभारी जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब का सदैव सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। भाजपा बाबा साहब के सिद्धांत और आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है कांग्रेस पार्टी ने कभी भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया, भाजपा सांसदों पर हुआ हमला भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है संसद भवन परिसर में हुई घटना पर राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उक्त जानकारी देते हुए युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि, संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री अभिषेक रघुवंशी, आभार मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश गुर्जर ने किया, इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, भाजपा नेता रामस्नेही पाठक, सोनित नेमा, जिला मंत्री अमन दुबे,सहित मंडल अध्यक्ष महामंत्री सहित भाजपा जन उपस्थित रहे।

### वीरांगना क्लब ने दिव्यागं बच्चो को वितरित किए गर्म कपड़े



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शीत लहर को देखते हुये गर्म कपड़ों की आवश्यकता भी तेज हो गई है। इसी क्रम में नगर में संचालित लीनेस वीरांगना क्लब द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्कूल जाकर गर्म टोपे-मोजे एवं फल का वितरण किया, शारीरिक मानसिक रुप से कमजोर होने के बाद भी गायन एवं हस्तकला में निपुणता रखने वाले प्रतिभा के धनी बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। क्लब सदस्यों ने मोजे-टोपे फल वितरित कर अत्यन्त खुशी महसूस की एरिया आफिसर अर्चना राय सचिव रुपकला कटारे के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लीनेस श्रीमती पूनम जैन सचिव लीनेस पूनम धुर्वे कोषाध्यक्ष लीनेस रजनी राजोरिया सहित सम्पूर्ण क्लब के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## अंधी रफ्तार में काल बनकर दौड़ रहे डंपर ने बाइक चालक को रौंदा



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर अंधी रफ्तार में चले आ रहे एक डम्फर क्रमांक एमपी 15 एच ए 2808 ने मोटरसाइकिल चालक हीरापुर निवासी बच्चन सिंह राजपूत 45 साल को टक्कर मार दी आगे बम्फर में मोटरसाइकिल फंस जाने के चलते बाइक सवार को घसीटता हुआ लगभग एक किलोमीटर दूर तक ले गया। मोटर साइकिल चालक के दोनों पैर बुरी तरह से कट गये थे अधिक खून बह जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना को देखते हुए सड़क पर पुलिस को पहुंचने तक जाम लगा दिया था। जानकारी लगते ही ग्रामीण पीड़ित को लेकर गाडरवारा अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने देखकर मृत घोषित कर दिया।उसका पी एम भी गाडरवारा में ही किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बच्चन सिंह हीरापुर के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे तथा जहां घटना घटित हुई है वहां पर सड़क मार्ग से दोनों तरफ जमीन है।रोज की तरह खेत में पहुंच ही रहे थे कि पीछे से चले आ रहे डम्फर ने टक्कर मार दी। घटना के तत्काल बाद डम्फर ड्राइवर भाग निकला। स्थिति को देखते हुए तेंदूखेड़ा पलोहा और गाडरवारा की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। चूंकि मामला तेंदूखेड़ा थाना सीमा क्षेत्र की होने के कारण मामला तेंदूखेड़ा थाने में ही दर्ज किया गया है।इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि को तेंदूखेड़ा नगर निरीक्षक ने बताया कि डम्फर ड्राइवर को पकड़ने के लिए तीन टीमें अलग अलग स्थानों पर भेजी गई है।

### डंपरों की धमाचौकड़ी से हर वर्ग परेशान

गाडरवारा से एन टी पी सी से राखड लेकर सैकड़ों की संख्या में बड़े बड़े डम्फर इस मार्ग से सागर जिले सहित अनेक स्थानों पर दिन रात अंधी रफ्तार में प्रतिदिन दौड़ा करते हैं।साथ ही आये दिन हादसे भी यहां पर हुआ करते हैं।इसके बाबजूद भी इनकी धमाचौकड़ी पर विराम नहीं लग पाता है। तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग अधिक घुमावदार है। तथा अधिकांशतः वर्ग नर्मदा नदी नहाने या फिर गाडरवारा आना जाना किया करता है। अमावस्या पूर्णिमा या किसी पर्व विशेष पर भी इनकी धमाचौकड़ी और रफ्तार में ब्रेक नहीं लग पाते हैं।

## पत्रकार के साथ मारपीट, पत्रकारों ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**गोटेगांव।** गोटेगांव थाना अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम बगासपुर से सामने आया है जहां मैन रोड पर निवासरत पत्रकार मोहनसिंह राजपूत के घर पहुंचकर कुछ असामाजिक तत्वों ने प्राण घातक हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें घायल अवस्था में परिजनों द्वारा थाना गोटेगांव लाया गया, जहां उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें उन्होंने उल्लेखित कर बताया कि बीती शाम लगभग 7:45 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे तभी बगासपुर निवासी अज्जू पटेल(राइजर) वहां आया और पुरानी रंजिश को लेकर गंदी गंदी गालियां देने लगा वहीं इसी दौरान अज्जू पटेल का साथी राहुल पटेल भी पहुंचा और दोनों ने मिलकर बाहर खींचने की कोशिश की इसके बाद राहुल पटेल ने लाठी से हमला कर दिया इस हमले में पीड़ित पत्रकार को सिर पीठ और दाहिने कंधे पर गंभीर चोटें आई, पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद आरोपी धमकी देकर वहां से चले गए और जाते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर हमने उनके काम में हस्तक्षेप किया तो वह हमें बख्सेंगें नहीं जिसकी गोटेगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी कर दी है वहीं घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय पत्रकार भी बड़ी संख्या मैं पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर थाना गोटेगांव एसडीओपी श्रीमती भावना मरावी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें समस्त पत्रकारों ने मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए, साथ ही यदि इस मामले में जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो हम सभी पत्रकार मिलकर जिला स्तरीय बडा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में गोटेगांव नगर के पत्रकार उपस्थित रहे।



## सेन्ट्रल बैंक ने अपनी 114 वीं वर्षगांठ मनाई



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा तेंदूखेड़ा ने अपनी 114 वर्षगांठ मनाई इस मौके पर सर सौरभ पोखनवाला के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश शाखा प्रबंधक द्वारा डाला गया। तथा कृषि उपज मंडी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।इस मौके पर शाखा प्रबंधक तरुण कुमार असिस्टेंट मैनेजर योगेश पी ओ चिराग मीणा हेड कैशियर सुश्री शीलम कुलपारिया क्लर्क मनोज पवार किशन रजक पुरुषोत्तम पटेल इंद्रजीत ठाकुर के साथ प्रतिष्ठित ग्राहक सुनील रपरया विमलकान्त पुरोहित एवं बैंक स्टाफ की उपस्थिति रही।

## महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**गोटेगांव।** मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के जन्म जयंती सेवा सप्ताह का महिला यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट से भव्य शुभारंभ नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में हुआ,इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को खेलों में प्रोत्साहित करना एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती सुमनलता पटेल ने विधिवत पूजन करके किया, प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मैचों में महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया,पहले मैच में जिमखाना जबलपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। एमएच जबलपुर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 ओवर में जीत हासिल की। दूसरे मैच में एसकेएमजी नरसिंहपुर और राइजिंग स्टार जबलपुर के बीच मुकाबला हुआ। एसकेएमजी ने 15 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। जवाब में, राइजिंग स्टार जबलपुर 15 ओवर में 97 रन ही बना सकी, और एसकेएमजी नरसिंहपुर विजयी रही।

### महिला क्रिकेट का फाइनल मुकाबला और पुरुष क्रिकेट का शुभारंभ आज

रविवार को फाइनल मुकाबला एसकेएमजी नरसिंहपुर और एमएच जबलपुर के बीच खेला जाएगा। इसके साथ ही पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा, जिसमें पहला मैच पुणे और एमएच जबलपुर के बीच खेला जाएगा,इस दौरान इंजी.सरदार सिंह पटेल,पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक महेंद्र नागेश, अंजलि शाह एडिशनल कलेक्टर, मृगाखी डेका पुलिस अधीक्षक, रामसिया भारती विधायक,बड़ा मलहरा,भावना मरावी एसडीओपी, देवंती परते एसडीएम,वर्षा झारिया सीईओ, रश्मि बौहरे, मिनी विश्वकर्मा उपयंत्री, रितु जैन प्राचार्या,सुनीता यादव (जिला खेल अधिकारी) पूनम जितेंद्र ठाकुर नपा अध्यक्ष, अंजनी दीपक सोनी न.मंडल अध्यक्ष,श्रद्धा पंकज चौकसे नपा उपाध्यक्ष, आरती सतीश पटेल, जप.अध्यक्ष,प्रियंका राहुल खेमरिया (सरपंच, गोटेगांवखेड़ा)डॉ वंदना आर्य, पार्षद पूजा राजू राजपूत, नमिता कमल पटेल, संगीता सतीश अग्रवाल,वर्षा जगदीश श्रीवास, माया बिहारी चांदोलिया,कलावती दीनू छिरा,कविता माधवानी के साथ कई अन्य गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे।